उपाध्यक्ष महोदय : वह हम अगली दफ़ा लेंगे। सोमवार को उसको आपसे सुनेंगे। अब हम दूसरा डिस्कशन लेते है।

14.31 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

FORTY-THIRD REPORT

Shri Jhulan Sinha (Siwan): Sir, I beg to move:

"That this House agrees with the Forty-third Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 22nd April, 1959"

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That this House agrees with the Forty-third Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 22nd April, 1959"

Those in favour may kindly say 'Aye'.

श्री भक्त दर्शन (गढ़वाल) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि श्री फ्रैंक एन्थनी के प्रस्ताव पर जो ३ घंटे का समय रखा गया है उसको बढा कर कम से कम ४, ५ घंटे कर दिया जाय क्योंकि उस पर बहुत से लोग बोलना चाहेंगे।

श्री वाजपेयी (बलरामपुर) मै समझता हूं कि चूंकि संसद् के वर्तमान सत्र में संसद् की राजभाषा समिति द्वारा भाषा सम्बन्धी रिपोर्ट पर शायद विचार न हो सकेगा और सभी सदस्य इस प्रस्ताव पर बोलना चाहेंगे तो इस रेजोलूशन के समय में कुछ वृद्धि कर देनी चाहिये।

श्री नरदेव स्नातक (अलीगढ़—रक्षित—अनुसूचित जातियां) इस पर समय जरूर बढ़ना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय : ४ घंटे मैक्सिमम समय है जोकि रूल्स में प्रोवाइडेड है और उससे ज्यादा समय नही दिया जा सकता जब तक कि हम रूल्स को न बदलें या उनको सस्पेंड न करे।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" (शिवपुरी) जितनी भी कृपा कर सकते हों कर दी जाय।

उपाध्यक्ष महोदय : इस रेजोलूशन पर ३ घंटे दे दिये गये हैं। लेकिन इसमें एक चीज यह है कि जिन का रेजोलूशन इससे आगे होगा उनको अगर अपना रेजोलूशन मूव करने का वक्त नही मिलेगा और चूंकि सेशन खत्म हो रहा है इसलिए उनका रेजोलूशन जाता रहेगा और फिर अगले सेशन में उसके लिए नया नोटिस देना पडेगा लेकिन अगर वह मान जायं और आध ही घंटा लें तो मुझे कोई ऐतराज नही होगा। वैसे चेअरमैन को २०, २५ मिनट तक टाईम एक्सटेंड करने का अधिकार है और वह ऐसा कर सकते है इसलिए इसको ऐसे ही रहने दिया जाय।

श्री नरदेव स्नातक : समय एक घटा ज्यादा बढा दिया जाय।

उपाध्यक्ष महोदय : आपने मुझे ठीक से सुना नही वरना आप शायद यह न कहते।

The question is:

"That this House agrees with the Forty-third Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 22nd April, 1959."

The motion was adopted

14.33 hrs.

RESOLUTION *RE.* EXPORT OF MONKEYS—*contd.*

Mr. Deputy-Speaker: The House will now resume further discussion of the Resolution moved by Shri Mohan Swarup on the 11th April, 1959 regarding Export of Monkeys.

Out of 2 hours allotted for the discussion of the Resolution 34 minutes

have already been taken up and 1 hour and 26 minutes are left for its further discussion today.

Shri Ranbir Singh Chaudhuri may continue his speech.

चौ० रणबीर सिंह (रोहतक) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का विरोध कर रहा था। अगर श्री मोहन स्वरूप की प्रस्ताव को लाने से यही मंशा थी कि उनको जब हिन्दुस्तान से बाहर भेजा जाता है या रास्ते में बंदरों को जो तकलीफ़ होती है उस तकलीफ़ से बचाया जाय तो मैं समझता हूं कि उनकी बात के अन्दर कुछ वज़न है। इसके अलावा जो कुछ कम्पनियां फ़ायदा उठाती है और १०, १५ रुपये में एक बंदर खरीद कर उसको १०० रुपये में बेचती है, अगर इस मुनाफ़े के खिलाफ़ आवाज उठाना उनकी मंशा थी तो मैं उनसे सहमत हो सकता हूं लेकिन अगर उनकी मंशा यह है कि इस देश के अन्दर अधिक से अधिक बंदरों की पैदावार की जाय और उनको पनपने दिया जाय तो मैं उनसे इसमें सहमत नहीं हो सकता।

(सदन में हंसी)

श्री मोहन स्वरूप चूंकि एक काश्तकार के घर में पैदा हुए है तो मुझे तो यह देख कर हैरानी होती है कि उन्हें बंदरो के साथ इतनी हमदर्दी कैसे आ गई .....

श्री डी० चं० शर्मा : (गुरदासपुर) अजी वह दयावान किसान है।

उपाध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर।

चौ० रणबीर सिंह : मैं तो समझता हू कि जिस आदमी ने अपनी फ़सल को बंदरों द्वारा खराब करते देखा होगा उसके दिल में कभी भी बंदरों के लिए प्रेम और हमदर्दी की भावना पैदा नहीं हो सकती चाहे वह कितना ही अहिंसावादी क्यों न हो।

मैं मानता हूं कि इस देश के अन्दर महात्मा बुद्ध पैदा हुए, इस देश के अन्दर महात्मा गांधी हुए और इस देश ने राष्ट्रपिता के बतलाये हुए रास्ते पर चल कर बग़ैर कोई लड़ाई अथवा हिंसा करे और खूनखराबी किये बग़ैर देश को आजादी प्राप्त कर ली और पिछले दस वर्षों में भी इस देश ने अहिंसात्मक मार्ग का अनुसरण करते हुए भूमि सुधार सम्बन्धी क्रान्ति कर डाली। जिस क्रान्ति को करने के लिए हमारे पड़ौसी देशों में लाखों आदमियों को मारा गया, उस क्रान्ति को इस देश ने अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करते हुए पूरा किया। इस देश के अन्दर जो बड़े बड़े कारखानेदार है उनका इंतजाम भी किसी डंडे या गोली से नहीं किया जाता है बल्कि बड़ी शान्ति से और समझा बुझा कर किया जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, अब बंदर अगर इस देश का नुकसान करते है तो उनका भी हमें इंतजाम करना होगा जिस तरह कि अगर कुछ भाई देश प्यार के नाम से अथवा लोगों के नामो की दुहाई दे करके इस देश का नुकसान करे तो उनका भी इंतजाम करना इस सदन का काम हो जाता है और उनका भी इंतजाम किया जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर। आज जिस चीज के इंतजाम की फ़िक्र की जा रही है उसके ही इंतजाम के बारे में कहा जाय। बंदरो के बारे में ही आज आप कहिये।

चौ० रणबीर सिंह : चूकि यहा इस सदन में कहा गया था इसलिए मुझे यह कहना पड़ा कि अगर कुछ व्यक्ति देश का नुकसान करेंगे चाहे मंत्री ही क्यों न हो तो उनका भी इंतजाम किया जायगा। एक भाई ने कहा कि क्या उस हालत में उनको भी बाहर भेजा जायगा तो मैं यह बताना चाहता हूं कि यह मंत्री महोदयों का सवाल नहीं है बल्कि और भी दूसरे भाई है जो कभी किसान के नाम से तो कभी मजदूर के नाम से तो कभी हिन्दी के नाम से, पंजाबी के नाम से और कभी सूबे के नाम से इस देश का नुक़सान करना

[चौ० रणवीर सिंह]

चाहते है और उन नुकसान पहुंचाने वालों का भी हमें इंतजाम करना होगा ।

इस देश के अन्दर जब से हम आजाद हुए है सन् १९४६ से सन् १९५८ तक १४५६ करोड़ रुपये का अनाज हमें बाहर से मंगाना पड़ा और यही नहीं उस अनाज को गरीब आदमियों तक पहुचाने के लिए २६१ करोड रुपये की सहायता देनी पड़ी ताकि गरीब लोगों तक अनाज पहुंच सके और लोग भूख से न मरे ।

इस चीज के अन्दर केवल बंदरों की रक्षा की ही भावना नही है बल्कि इसके पीछे नाजायज फ़ायदा उठाने की बात है । मुझे यह चीज बड़े दुःख के साथ कहनी पड़ती है कि हमारे देश के अन्दर कुछ भाई ऐसे है जो कि इस देश के दबे हुए हरिजनो भूखे और नंगे किसानों के नाम पर नही अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए बड़ी-बड़ी किताबें छापते हैं बन्दरों और दूसरे जानवरो के नाम पर तस्वीरे छापी जाती है—पता नही वे सच्ची है या झूठी है कि अमरीका में बन्दरों को किस ढंग से मारा जाता है । लेकिन क्या वे भाई, जो इस किस्म की तस्वीरो को छापते है, बतायेंगे कि उन के तहत इन्सानो की क्या हालत होती है, उन के तहत जो इन्सान काम करते है, उन के साथ वे क्या सलूक करते है । जो भाई बन्दरो को सवेरे अनाज डालने के लिए जाते है, क्या वे बतायेंगे कि वे किस तरह से रुपया कमाते है, किस तरह से किसान और मजदूर की खून और पसीने की कमाई को उन से छीन कर ऐयाशी करते है । उपाध्यक्ष महोदय, हमें अब सोचना होगा कि इस देश को आगे ले जाने के लिए बहुत सारी भावनाओं का मुकाबला किया जाय और बहुत सारी भावनाओ के बारे में लोगो को समझाना भी होगा । मै जानता हूं कि इस देश के लाखों किसानो की किस्मत बदल नही सकती, जब तक कि इस देश में आज जो खेती करने का ढंग है, वह न बदले । हमारे देश में सिर्फ़ बन्दर ही नही, जमीन के ऊपर जितने और डंगर है, आया यह देश उन का पेट भर सकता है या नही, यह भी एक सवाल है सोचने का । इस देश में जो इन्सान है, उन के लिए हम ने सुख पैदा करना है । ये जो बन्दर बाहर भेजे जाते है, वे इस लिए नही भेजे जाते हैं कि हम उन को मरवायें, बल्कि वे इस लिए भेजे जाते हैं कि संसार में विज्ञान की तरक्की हो, संसार आगे बढ़े और अहिंसा की भी तरक्की हो, इन्सान की आयु—उस का जीवन— ज्यादा से ज्यादा बढे । (*Interruption.*)

उपाध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर ।

चौ० रणवीर सिंह : मेरी समझ में नही आता कि जो भाई इस में एतराज करते हैं, वे ऐसा क्यो करते है । क्या वे इस बात से अनभिज्ञ हैं कि इस देश में तजुर्बे के लिए बहुत से जानवरो के ऊपर तजुर्बे किए जाते हैं ? क्या उन्हें मालूम है कि जो भाई डाक्टर बनते है, जिन से हमारे वे बड़े-बडे भाई, जो कि अखबारे और किताबें छापते है, रोजाना दवाई लेते है, डाक्टर बनने से पहले पता नही वे कितने मेंडक काटते हैं, कितने खरगोश काटते हैं और दूसरे जानवर काटते हैं और उन पर तजुर्बा कर के देखते है ? अजीब हालत है कि बन्दर के जीवन से साइंस जो तरक्की करती है, उस से तो वे फ़ायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन वे बन्दरों को हिन्दुस्तान के किसान के. . . . (*Interruption.*)

Mr. Deputy-Speaker: Even when the subject be monkeys, there ought to be some seriousness about it. We are discussing a Resolution. At least we are sitting in Parliament. Some decorum should be kept.

चौ० रणवीर सिंह : बन्दर से विज्ञान जो फायदा उठाता है, उस विज्ञान के रिसर्च का तो वे फ़ायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन वे बन्दर को किसान के कन्धों पर बिठाए रखना चाहते हैं । ऐसे दोस्तों को मैं कहूंगा कि वे

जरा शान्ति से सोचें और इस देश की तरक्की होने दें । इस देश को अनाज की अजहद जरूरत है—दूसरी खेती की पैदावार की बहुत जरूरत है । मुझे मालूम है कि अगर कोई किसान गन्ने की खेती करता है, तो बन्दर मुश्किल से आधा गन्ना चूसता है और दस गन्ने खराब करता है । अगर कोई जानवर ऐसा है, जो अपना पेट भरने के मुकाबले में ज्यादा खराब करता है—चाहे वह अनाज हो या कोई दूसरी चीज हो—तो वह बन्दर है । तोता भी इतना खराब नही करता है । तोते की खराबी की किसान परवाह नही करता है लेकिन बन्दर जो खराबी करता है, उससे किसान सबसे ज्यादा परेशान होता है । मैं चाहूगा कि जो भाई ये किताबें छापते है, अगर व उस रुपए से इन तमाम बन्दरो को पकडवा कर दूसरे देशो का भिजवा दें—आज देश को विदेशी मुद्रा की जरूरत है—और उस रुपए से और कुछ नही तो यहा के भूखे लोगो के लिए अनाज मगवा दें तो मुझ इसमें कोई एतराज नही होगा ।

Shri Easwara Iyer (Trivandrum) Mr Deputy-Speaker, probably it may be the monkey instinct in man

Mr. Deputy-Speaker. I request the hon Member to be very brief because I find there are a large number of Members who want to speak

Shri Easwara Iyer. I shall not take more than five minutes

Probably, as I submitted, before this House, it may be the monkey instinct in man to tear up useful institutions By this I do not mean that I have no sympathy towards the simian family But, I would respectfully submit before the House that reason and logic shall not be allowed to be overridden by simple sentiment

We must examine the position as to why these monkeys, more often than not a nuisance to the Indian villagers, taking away the crops which are necessary for the teeming millions of our country, are being exported to foreign countries Probably one cynic said, I would make a gift of all the monkeys to foreign countries provided they remove them from there, so that our crops may be saved I am not going to that extent We must examine why these monkeys are necessary and these monkeys are exported It has now come out to a number of questions asked in this House that these monkeys which are being exported, are not for any experiments of space rockets or otherwise, but they are necessary for the preparation of a life-saving drug like polio vaccine, which is necessary for the prevention of polymyelitis, otherwise in common parlance known as Infantile paralysis If this vaccine which is prepared out of the kidneys of monkeys is able to save millions of young children from this horrible disease of infantile paralysis by the export of these monkeys, we save not only villagers from the nuisance that has been created, but we are also savmg India as well as the whole humanity from the attack of infantile paralysis which is now raging throughout the world

We have now come to the decision and it has been found, by a lot of examination and reports gathered from various sources very authentic sources, that there is no inhuman treatment of these monkeys which are being exported Of course, my friend might plead for monkeys I am saying there is always a sense of *quid pro quo* feeling in me to appreciate his point of view though in some matters I am not perfectly in agreement with him If his plea in this Resolution is that these monkeys are to be treated humanly or that these monkeys are subjected to cruel treatment if they are exported, I would respectfully submit before this House, that in India, these monkeys—I know from my place, I can speak for my constituency—are not only inhumanly treated, but are more often than not shot down because they are a nuisance to the crops. If these monkeys are to be exported

[Shri Easwara Iyer]

and if they bring foreign exchange to us, I would respectfully say that it is only a welcome sign that the export should not be banned I am not saying that we should revel in the fact that by exporting monkeys, we are earning foreign exchange When it is absolutely necessary for the purpose of manufacture of life-saving drugs like polio vaccine and for also conducting researches in other branches of medical science, I would say, it is more than necessary that the export of monkeys should not be banned

I would only say that we must put in regulations and restrictions on the export of monkeys, so that there is no depletion of the stock I would also say that in making this export possible, there must be rules and regulations for their humane treatment both during transit, before export and also after exporting them, where they are handed over to the institutions which are conducting medical research, for keeping them in ideal conditions

I may, with your permission, refer to the report of the Committee for the Prevention of Cruelty of Animals submitted after a moving speech made by Shrimati Rukmini Arundale in the other House In pursuance of that, they have submitted a report Here, on page 110 of that report,—I am reading from para 271 -they say

> "One section hold the view that every encouragement should be given to the export of monkeys from India for the advancement of knowledge and relief of suffering The result of research conducted on monkeys in one part of the world are available for use for the welfare of man as well as animals all the world over"

They further on say in their recommendation as follows

> "After considering carefully both sides of the question the Committee makes the following recommendations on the question of the export of monkeys —
>
> The Committee feels convinced that the end-use of the monkeys exported from India is scientific and medical research and the production of vaccines, sera and other medicines for the relief of the suffering of humanity as well as of animals While dealing with animal experimentation in an earlier Chapter, it has been recommended that experimentation on animals should be allowed in India under strictly controlled conditions under which pain and suffering resulting from it are reduced to the minimum"

Even the Committee for the prevention of cruelty to animals have considered this subject and they have come to that conclusion Since these monkeys are exported for certain research purposes, their export should not be banned. Even if we could give a gift of some of our monkeys causing nuisance to our agriculturists for making vaccines and other drugs which are helpful in removing infantile paralysis, I would welcome that

I oppose this Resolution, not because I have no sympathy for monkeys but because it is absolutely necessary that these experiments should be carried on for progressive humanity

Mr. Deputy-Speaker: Men must have greater sympathy for human beings!

Shri Easwara Iyer: Yes, rather selfish, Sir

Shri Assar (Ratnagiri) Sir, I beg to move

> "That for the original Resolution, the following be substituted, namely
>
> "This House is of opinion that a Committee comprising of

members of Parliament be appointed to examine the question of the export of monkeys from India.'"

इस संशोधन का यही उद्देश्य है कि आज बन्दरों के बारे में जो गड़बड़ी चल रही है, वह समिति उस पर विचार करे और इस बारे में अपना निर्णय दे और उस निर्णय के अनुसार ही बन्दरों को एक्सपोर्ट करने के विषय पर निश्चय किया जाये और वह उस निर्णय पर निर्भर रहे। यह बात अच्छी है कि जो प्रस्ताव आज सदन के सामने है, वह एक प्रजा समाजवादी सदस्य श्री मोहन स्वरूप की ओर से लाया गया है। उससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि यह कोई भावना का प्रश्न नही है।

चौ० रणबीर सिंह : उन्होंने तो भावना ही कहा है।

श्री मोहन स्वरूप (पीलीभीत) : ट्रैडीशन कहा है।

श्री आसर : यदि यह प्रस्ताव हिन्दू महासभा की ओर से लाया जाता, तो यह मान कर कि ये जडवादी और पुराणवादी मत वाले है, इस प्रश्न पर गम्भीरता से विचार किए जाने की आशा भी न होती। लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि यह भावना का प्रश्न नही है, बल्कि देश की दृष्टि से और हम ने जो तत्वज्ञान अपनाया है, उसकी दृष्टि मे इस पर अच्छी तरह से विचार करने की आवश्यकता है। इसका कारण यह है कि हमारी सरकार ने बौद्ध धर्म का तत्वज्ञान स्वीकार किया है। हम ने अशोक-चक्र को मान लिया है और उसके तत्वज्ञान के अनुसार चलने का निर्णय किया है। हमारे भाई चौ० रणबीर सिंह ने महात्मा गांधी जी का उल्लेख किया। राष्ट्रपिता ने इस बारे में जो कुछ कहा और जो कुछ वह करन चाहते थे, उस सब को छोड कर हम जो कुछ कर रहे है, उसको देख कर ही यह प्रस्ताव इस सदन में लाया गया है। अगर कम्यूनिस्टों का राज्य होता, तो यह प्रस्ताव सदन में न ला सकते थे और न लाने की आवश्यकता होती। लेकिन आज काग्रेस की सरकार है। उसने अहिंसा को माना है। इसलिये यह प्रस्ताव लाने का प्रयत्न हुआ है। इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि काग्रेस सरकार अपने तत्वज्ञान से गिर चली है, जबकि वह बन्दरो का निर्यात करती है, इस विषय में यह कहा जाता है कि बन्दरो का निर्यात उन पर प्रयोग करने के लिए किया जाता है और उन प्रयोगो से जो पोलियो-वैक्सीन बनती है, उससे संसार में अनेक लोगो के लिए बड़ा अच्छा परिणाम होता है। लेकिन मुझे यह भी पता है कि केवल बन्दरो पर ही प्रयोग नही किए जाते है, कई अन्य प्राणियो पर भी प्रयोग किए जाते है। संसार में कई ऐसे देश है, जिनमें बन्दरो का इस बारे में उपयोग नही किया जाता। जिन प्राणियो का खास उपयोग नही है, उन पर प्रयोग किया जाता है।

एक माननीय सदस्य : कौन प्राणी है ?

श्री आसर : ऐसे बहुत है।

दूसरी बात यह है कि जैसे हमारी आत्मा है, वैसे ही बन्दरो में भी आत्मा है। अगर आत्मा का विचार किया जाये, तो हर एक की आत्मा का योग्य दृष्टि से विचार करना आवश्यक है। इसका कारण यह है कि अपने जीवन के लिये निर्बल पशुओ का उपयोग करना अयोग्य है। यह तो सरवाइवल आफ दि फिटेस्ट का तत्वज्ञान है। अगर यह तत्वज्ञान बढता गया, तो अशान्ति और असन्तोष बढेंगे। अगर यह मनोवृत्ति बढ़ेगी कि निर्बल को मार कर सबल अपने जीवन को सुखी करें, तो आज तो पशु-पक्षियो का कत्ल किया जाता है, लेकिन कल ऐसा समय आ जायगा कि मनुष्य मनुष्य को छोड़ेगा नही, उसको कत्ल करेगा। आज तिब्बत के बारे में हम चीन के विरुद्ध क्यो चिल्लाते है ? अगर हम सरवाइवल आफ दि फिटेस्ट को मानते है, तो चीन बड़ा सामर्थ्यशाली है, वह तिब्बत पर हमला करता है, इस पर आपत्ति क्यो की जाये ? जो देश समर्थ होगा वह दूसरे देश पर हमला करेगा,

[श्री आसर]

ऐसा हम मानते नही है । हमने तो पचशील के तत्वज्ञान को अपनाया है, जिसमें जिन्दा रहो और जिन्दा रहने दो के सिद्धान्त को माना गया है । अगर हम इसको मानते है, तो फिर अगर हमारे पास ताकत और बुद्धिमता है, उसका उपयोग अपने जीवन के सुख के लिये निर्बल प्राणियो को प्रयोग में लाना ठीक नही है ।

तीसरी बात यह है कि हम जो हिन्दू-धर्मवादी लोग है, वे तो मानते है कि हमारा पूर्वज मनु है। लेकिन डार्विन की थ्योरी को मानने वाले लोगो मे मेरा कहना यह है कि डार्विन ने कहा है कि बन्दर हमारा पूर्वज था । जो लोग डार्विन को मानते है, उनसे मेरी प्रार्थना है कि इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि अगर बन्दर हमारा पूर्वज है, तो अपने पूर्वज को मारना ठीक नही है । इस पर भी विचार किया जाए ।

यहा पर फारेन एक्सचेज की विशेष तौर पर चर्चा की गई है । फारेन एक्सचेज के बारे में मै यह कहना चाहता हू कि पैसे के लिए किसी काम को करना, चाहे यह ठीक ही क्यो न हो, ठीक नही है । किसी काम को इसलिए करना कि उससे पैसा मिलता है ठीक नही है । अगर कोई दारू पीने वाला है, अगर उसको दारू हमेशा ही मिलता रहे, तो यह उसका व्यसनी बन जाता है और उसके लिए इस तरह से व्यसनी बनना किसी भी तरह से ठीक नही कहा जा सकता है । अगर हमारा ध्येय पैसा ही है, तो इसका मतलब यह भी हो सकता है कि आज तो हम बन्दर बाहर भेजते हैं और कल हमारे देश में जो जनसख्या बढ रही है, उसको देखते हुए हम आदमियो को अगर गुलाम बना कर बाहर भेजने की जरूरत पडी तो उसमे भी सकोच नही करेंगे और इसका भी यही कारण होगा कि हमें फारेन एक्सचेंज मिलता है । इसं वास्ते मे समझता हू कि केवल फारेन एक्सचेंज की दृष्टि से किसी चीज को बाहर भेजना ठीक नही है ।

यह भी कहा जाता है कि बन्दर फसलो को खराब करते है । मै इस बात को मानता हू । आपकी तरफ से कहा जाता है कि अगर इन को दूसरे देशो मे भेजा गया तो फसलो का नुकसान कम होगा । लेकिन आप कितने बन्दर आज बाहर भेज रहे हैं ? आप ज्यादा से ज्यादा लाख दो लाख ही भेजते हैं । सरकार को यह पता भी नही है कि कितने बन्दर हिन्दुस्तान मे है और न ही इसकी कोई सैंसस ली गई हैं और अगर ली जाए तो पता चल सकेगा कि कितने है । लाख या दो लाख साल मे ही बाहर भेजे जाते है और करोडो बन्दर इस देश में पीछे बच जाते हैं । मै जानना चाहता हू कि उनके बारे मे सरकार क्या करने का विचार रखती है ? क्या वे फसलो को खराब नही करते है ? उनसे कैसे फसलो को बचाया जाएगा ? अगर ये दो लाख बन्दर बाहर न भेजे जाये, तो फसलो को इतना भारी नुकसान नही हो सकता है जितने का कि अन्दाजा लगाया जाता है । इस वास्ते मै चाहता हू कि आप बन्दर बाहर भेजने के बारे मे इस दृष्टि से भी विचार करे ।

मै यह भी कहना चाहता हू कि बन्दरो को भेजे जाने की जो व्यवस्था की जाती है वह भी सन्तोषजनक नही है, वह भी ठीक नही है । हमारे पास बन्दरो के भेजे जाने के बारे मे रेग्युलेशस है, लेकिन इनके होने के बावजूद भी बडी परेशानी का सामना करना पडता है । मैने खुद अपनी आखो से देखा है कि कितने ही बन्दर डेस्टिनेशन पर पहुचने से पहले ही मर जाते है । इसके बारे में मै थोडा सा आपको पढ कर सुनाना चाहता था लेकिन चूकि समय नही है, इस वास्ते पढ़ नही सकता। यह कहा जाता है कि इन बन्दरो को कैरियेजिस मे भेजा जाता है। लेकिन मैं आपको बतलाना चाहता हू कि अगर एक कैरियेज मे छ सौ बन्दर भेजे जाते हैं, तो दो तीन सौ बन्दर रास्ते में ही मर जाते है । अच्छी व्यवस्था उनके ले जाने की न होना, यह भी बहुत खराब बात है ।

इस वास्ते जरूरत इस बात की है कि इनके भेजे जाने की भी अच्छी व्यवस्था हो।

15 hrs

पहले यह कहा गया था कि छ पाउंड के ऊपर के बन्दर ही बाहर भेजे जा सकते हैं और इससे कम के बन्दरो को बाहर भेजने पर रोक थी। लेकिन आज देखने में आता है कि छोटे छोटे बच्चे और ऐसी बदरियां बाहर भेजी जाती है, जिन के पेट में बच्चे होते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि इनका कोई उपयोग नही होता। जो बन्दर बाहर भेजे जायें, वे तन्दरुस्त हों, निरोगी हों, जिससे कि उनका ठीक से उपयोग हो सके।

इन सब चीजो को देखते हुए मैंने एक सशोधन रखा है और मैंने चाहा है कि इन सब बातो की जाच करने के लिये पार्लियामेंट के सदस्यो की एक कमेटी बना दी जाय और वह जिन निर्णयो पर पहुचे, उनका पालन सरकार की ओर से हो। मैं आशा करता हू कि मेरा यह सशोधन सरकार को स्वीकार्य होगा।

सेठ अचल सिंह (आगरा) उपाध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव हमारे सामने है, उसके सम्बन्ध में सबसे पहली बात मैं यह कहना चाहता हू कि भारत की राजनीति अहिंसा और सत्य पर आधारित है और वह बडी कामयाब साबित हुई है। महात्मा गाधी ने भारत-वर्ष को अहिंसा और सत्य का आश्रय लेकर ही आजादी दिलाई है।

आज से दो हजार वर्ष पहले या उससे और भी बहुत पहले हमारे देश में हिंसा का बहुत प्रचार था। उस वक्त नरमेध यज्ञ, गोमेध यज्ञ, अश्वमेध यज्ञ इत्यादि यज्ञ हुआ करते थे और इन यज्ञो में काफी हिंसा होती थी। जब भगवान् महावीर और भगवान् बुद्ध ने जन्म लिया तो उन दोनो ने इस चीज के खिलाफ आवाज उठाई और कोशिश की कि मनुष्यो और पशुओ की जो हत्यायें इन यज्ञो में होती हैं, जो आहुतिया दी जाती हैं वे बन्द हों और इसमें वे सफल भी हुए हैं। उसके बाद काफी अहिंसा का प्रचार हुआ। लोगो ने तब महसूस किया कि जितना भी प्राणी ससार है, उस सब मे आत्मा एक सी है। हाथी हो, घोडा हो, बन्दर हो या कोई भी पशु पक्षी हो, सब में आत्मा एक सी है। अगर हमारे शरीर मे कोई सुई चुभोता है, तो जिस तरह से हमें तकलीफ होती है, उसी तरह से अगर किसी पशु पक्षी के सुई चुभोई जाती है, उसको भी तकलीफ होती है। जितने भी जीव हैं, जितने भी परिन्दे और चरिन्दे है, उन सब को एक सी तकलीफ होती है।

क्या हम आज इतने स्वार्थी हो गये है, इतने अन्धे हो गये है, कि सिवाय हमको अपने स्वार्थ के कुछ और सूझता ही नही है। यह कहा जाता है कि बन्दर बहुत नुकसान करते हैं, अनाज की बहुत बरबादी करते है, इसलिये उनको एक्सपोर्ट किया जाए और इनको खत्म किया जाए। यह बात ठीक है कि ये अनाज इत्यादि की बहुत बरबादी करते है। लेकिन अगर हम इनको खत्म करने जा रहे है, तो क्या उनको भी खत्म करें, जो कि कोई काम नही करते है, जो अपाहिज हैं, जो बीमार है, जो बूढ़े है, जो हमारे बुजुर्ग है? उनको भी हमें खाने को देना पडता है, इस वास्ते इसी बिना पर उनको भी खत्म कर देना चाहिये। मैं समझता हू कि यह थ्यूरी कम से कम भारत-वर्ष मे लागू नही हो सकती है। हम आध्यात्मिक बातो को अधिक महत्व देते है।

हमारे प्रधान मन्त्री महोदय ने पचशील का नारा लगाया है और कहा है कि जियो और जीने दो। वह कहते हैं कि हर एक को जीने का अधिकार है, कोई किसी को गुलाम बना कर नही रख सकता है।

अब आप देखें कि जब बन्दरो का निर्यात होता है किस तरह से उनको बन्द किया जाता है, किस तरह से उनको जकड कर रखा जाता है। बहुत से बन्दर तो रास्ते में ही मर जाते हैं और डेस्टिनेशन तक पहुच नही पाते हैं; उनके साथ बहुत खराब बरताव किया जाता

[सेठ अचल सिंह]

है, चैन के उनको बांध दिया जाता है, थोड़ा थोड़ा करके उनको काटा जाता है और तजुर्बे किये जाते हैं । इस तरह से बेरहमी से उनके साथ पेश आया जाता है कि बरदाश्त नहीं किया जा सकता है । सभी देशों ने प्रिवेंशन आफ क्रूअल्टी टू एनीमल्स एक्ट बनाये है और उनकी कोशिश यह रहती है कि इन जानवरों के साथ जुल्म न हो, बेरहमी नहीं होनी चाहिये । यह सभी सभ्य देशों में है और हमारे देश में भी इस तरह का कानून है । इस वास्ते मैं कहना चाहता हूं कि जो प्रस्ताव पेश किया गया है, वह बहुत ही अच्छा प्रस्ताव है, बहुत ही उचित है और जो बन्दरो का यहां से निर्यात होता है, वह बन्द होना चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और चाहता हूं कि सारा हाउस भी इसका समर्थन करे ।

श्री रामसिंह भाई वर्मा (निमाड) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं मूल प्रस्ताव का विरोध करने के लिए खडा हुआ हू ।

श्रीमान्, एक बात इसमे आपको देखनी होगी और वह यह कि हम किस देश मे रहते है, उसका क्षेत्रफल क्या है, वह कितना उत्पादन करता है, उसकी जनसंख्या क्या है और किस प्रकार से वह लगातार बढ रही है । इन बातों को देखते हुए सबसे प्रिय अगर हमे कोई चीज हो सकती है तो वह अपना देश ही हो सकता है और देश के बाद देश की जनता हमे सबसे प्रिय हो सकती है । इस वास्ते देश की हिफ़ाजत और जनता की जरूरतो की पूर्ति करना पार्लियामेंट का सर्वप्रथम कर्त्तव्य हो जाता है ।

जो लोग अपने आप को डार्विन का अनुयायी मानते हैं और बन्दरो को अपना पितर मानते है, और उनकी उन पर जो श्रद्धा है, फ़िर वह चाहे जितनी हो, मुझे उसके बीच में नहीं आना है । लेकिन मुझे इतना अवश्य कहना है कि आज हमारे देश की हालत यह हो रही है कि जो लोग विदेशों में जाते हैं और वहां के लोगों से बातचीत करते हैं तो वे कहते हैं कि हिन्दुस्तान में जानवरों की संख्या बे शुम्मार बढ़ती जा रही है और वहां के लोग इतने अन्धविश्वासी हो गये हैं इन जानवरों के प्रति कि ये जानवर ही एक दिन हिन्दुस्तान की जनता को हिन्दुस्तान से बाहर निकाल कर रख देंगे । क्योंकि दरअसल आज देश की हालत है हम आज अपने बाल बच्चों को तो सम्भाल नही सकते, अपनी बीवी को सम्भाल नही सकते, माता पिता को सम्भाल नही सकते, ऐसी आर्थिक हालत हो रही हैं । मै माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि आप जाकर गरीब मोहल्लों में देखिये कि वहां क्या हो रहा है । पति बेरोजगार हो जाता है तो औरत को घर से निकाल देता है । माता पिता बुड्ढे हो गये है तो उनको और अपने बच्चो को घर बिठला कर खिलाने के लिये कोई तैयार नही है । वे बूढे मां बाप के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है कि किसी तरह से इन्हें उठा लो और यह सकट काटो, जबकि आप को बन्दरो से इतना मोह हो गया है कि उनके लिए कोई राम की दुहाई देता है कोई कृष्ण की दुहाई देता है, कोई हनुमान की दुहाई देता है और देवता मानता है । कोई कहता है कि हम तो बन्दरों से पैदा हुए है । लेकिन यहा पर तो प्रथम सवाल इन्सानियत का है । सबसे पहले हमारे लिए इन्सान को जिन्दा रखने का सवाल है । आप जरा देहातों के अन्दर जा कर देखिये कि वहां बन्दरो के कारण किसान लोग कितने त्रस्त हो रहे हैं । गरीब के घर के अन्दर से पकी पकाई रोटी निकाल कर ले जाते है और बच्चे भख से रोया करते है, उन को रोटी मिल नही पाती ह । हम बीवी बच्चों को ले कर देश मे देव दर्शनों को जाया करते है, जिन की असबाब की पोटली को बन्दर उठा कर ले जाते हैं ऐसी हालत में उन का घर पहुंचना तक मुश्किल हो जाता है । बेचारों को किराया तक के लिये

भीख मांग कर अपना काम चलाना होता है। आपको इन बातो को भी देखना चाहिये। आप अहिंसा की आड़ में यहा कहते हैं कि महावीर ने ऐसा किया, बुद्ध ने ऐसा किया। लेकिन हम महावीर नही हैं, हम बुद्ध नही हैं। हम गाधीजी नही हैं। हम साधारण व्यक्ति हैं और जिन्दा रहना चाहते हैं। इन्सानियत का फर्ज हो जाता है कि प्रथम अपने बच्चो को दोनो टाइम खाना दे। किन्तु जो लोग मानव के बजाये बन्दर पालन की ऐसी बाते करते हैं उनको विचार करना चाहिये कि वे यहा पर किनके प्रतिनिधि होकर बैठे है। वे उनके प्रतिनिधि है जो देश के अन्दर गरीब है, जिन के पास दोनो टाइम खाने के लिये अन्न नही हैं। इसलिये हमारा फर्ज है कि हम पहले उनके खाने का प्रबन्ध करें। आज बन्दरो से उन गरीब किसानो का कितना नुकसान होता है इसको भी तो आप सोचिये। जो लोग आज गरीब है, उन गरीब किसानो और गरीब तीर्थ यात्रियो का जो बन्दरो के कारण बराबर नुकसान हो रहा है पहले हम को उसका इन्तजाम करना चाहिये किन्तु आज जो लोग यहा पर मानव के बजाय बन्दरो की हमदर्दी करते है, वे कम से कम २५-२५ बन्दर सौप दिये जावे जो अपने घर पाल कर देखे कि क्या मामला है और आप की हमदर्दी कितनी किस के साथ है। मेरे पास इसमे कहने को बहुत बात है, आप मुझ मौका दे तो मै सारा दिन इस पर बोलने मे गुजार दू। (*Interruptions*)

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. In spite of my repeated requests, I find that talking is going on on every side of the House. I would request hon Members to listen patiently Even those hon. Members who had got a chance to speak and have utilised the opportunity are still continuing to talk I am very sorry to note that.

Shri Surendranath Dwivedy (Kendrapara): It is so interesting that they are reacting.

Mr Deputy-Speaker: Then, should I go out?

श्री रामसिंह भाई वर्मा : हिन्दुस्तान के आजाद हो जाने के बाद बहुत सी प्रान्तीय सरकारो ने विचार किया कि अपने बाल बच्चो की रक्षा के नाम पर देवताओ के सामने जो जो पशु बलिदान किया जाता है वह एक अन्धविश्वास है। देश मे अपने बच्चो की रक्षा के लिये कोई भैरोजी और कोई बालाजी या किसी दूसरी जगह ले जाकर अगर कोई बकरे को काट दे तो यह ठीक नही है। यह किस्सा घर घर चलता था। प्रान्तीय सरकारो ने सोचा कि यह अन्धविश्वास बन्द किया जाना चाहिए। अपने बच्चे की रक्षा के लिये दूसरे के बच्चे का बलिदान होना ठीक नही है। जब प्रान्तीय सरकारो ने ऐसे कानून बनाने शुरू कर दिये तो इन बन्दरो के एक्सपोर्ट बन्दी की बात करने वालो ने ही उनका विरोध करना शुरू कर दिया। कहने लगे कि सरकार हमारी धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुचा उभारती है, वह देवताओ पर होने वाले बलिदान को क्यो बन्द कर रही है? एक ओर तो सरकार जो अच्छा काम करने लगती है यानी यह कि हर गाव गांव मे देवी देवताओ पर जो बकरे वगैरह काट कर बलिदान किया जाता है, उसे रोका जाता है चकि सरकार ने यह विचार किया कि यह अन्धविश्वास है, उसका तो विरोध करना और दूसरी ओर अगर बन्दरो का एक्सपोर्ट किया जाता है तो कहते है कि एक्सपोर्ट क्यो किया जाता है? केवल पैसा कमाने के लिये ऐसा नही किया जाना चाहिये लेकिन सारी चीजो और सारी परिस्थितियो पर विचार करके मै तो यह मानता हू कि बन्दर ही नही ऐसे और भी प्राणी जो देश मे है जिनके कारण देश को नुकसान पहुचता है उन्हें एक्सपोर्ट करना चाहिये इसी में कि देश का भी भला है।

यहा पर दूसरे लोग भी है जो कि इस पर बोलना चाहते हैं, मै उनका समय नही लेना चाहता। हालांकि इस पर काफी कहा

[श्री रामसिंहभाई वर्मा]

जा सकता है लेकिन मैं इतना ही कहूंगा कि मैं इस प्रस्ताव का विरोध करता हूं और इस सदन से निवेदन करता हूं कि जितने ज्यादा से ज्यादा बन्दरों को, और जो दूसरे प्राणी हमारे देश को नुकसान पहुचाने वाले है, उन्हें जल्दी से जल्दी यहा से विदा कर दिया जाय । जब आज हमारे किसान के लिये रहने की जगह नहीं है तो फिर उनको कैसे यहा रक्खा जाय ?

श्री खादीवाला (इन्दौर) : उपाध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव रक्खा गया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिये खडा हुआ हू । बन्दर इस देश में काफी महत्व रखता है । हमारे हिन्दुस्तान की हमेशा से यह परम्परा रही है कि हम प्राणी मात्र से, जीव मात्र से प्रेम करे । मेरे कहने का यह मतलब नही कि अगर कोई जानवर हमारा नुकसान करता है और उससे हमे कोई तकलीफ होती है तो उसके लिये भी हम इस तरह से समर्थन करे । मेरा कतई यह मतलब नही है । लेकिन जिस तरह से बन्दरो को पकड कर ले जाया जाता है, उसे मैने झासी स्टेशन के ऊपर देखा । एक जगह पर इतने ज्यादा बन्दर भरे हुए थे कि उनके लिये जगह भी नही थी, उनके खाने का भी इन्तजाम वहा नही था । काफी गन्दगी उन से फैल रही थी । जिस तरह से उनको पकड पकड कर रक्खा जाता है उसे देख कर अफसोस होता है और यह चीज ठीक नही है ।

जो भी जीव जन्तु पैदा होते है वे प्रकृति के द्वारा होते हैं । सब को प्रकृति ने पैदा किया है । उन को इस तरह से नष्ट करने के मैं बिल्कुल खिलाफ़ हू और जो प्रस्ताव रक्खा गया है वह बिल्कुल ठीक है और मैं तो कहूगा कि इस का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिये । बन्दरो को पकड कर ले जाने, मारने और उन के द्वारा पैसा हिन्दुस्तान में लाने की जो नीति है मैं उसे ठीक नही मानता । अगर हम को रुपया चाहिये, पैसा चाहिये तो उस के लिये बहुत से दूसरे तरीके सम्भव है जिन के द्वारा हम विदेशो से अपने यहा पर धन ला सकते है । लेकिन बन्दरो को हम पकड़ें और उन के पास भेजें, वे उन को मारे या उन पर किसी तरह का प्रयोग करे, यह ठीक बात नही देश की धार्मिकता के लिये भी हमारे गाव गाव में जो रामायण का पाठ होता है उन में बन्दरो का बहुत महत्व है, बन्दरो से ही मनुष्य बने है । अगर हम देखें कि मनुष्य कैसे बना, अगर हम अपनी शक्ल से बन्दरो को थोडा मिलायें तो देखेंगे कि बन्दर भी बडी बुद्धिमत्ता से काम करता है और बन्दर के ही आगे जा *कर पूरा मनुष्य बनता है । इस लिये मैं* बन्दरो को इस तरह से मारने का जो तरीका है उसे पसन्द नही करता । पृथ्वी पर रहने वाले जो भी प्राणी है उन सब के लिये यहा साधन बने हुए है । हमारे यहा जितने भी ऋषि और महर्षि हुए उन्होने भी यही कहा कि "जियो और जीने दो" । उन के इस कहने के खिलाफ भी यह तरीका आता है । इस लिये मैं कहता हू कि बन्दरो का इस तरह से पकड कर भेजना बिल्कुल ठीक नही है और मैं उस के सख्त विरुद्ध हू ।

Shri M. B. Thakore (Patna). I fully support the resolution of my learned friend Shri Mohan Swarup regarding the ban on the export of monkeys

I patiently heard my learned friends Ch. Ranbir Singh and Shri Easwara Iyer from that side. I find that we have become very selfish, we always think of ourselves, we forgot about others and what they feel.

